# आकाशवाणी श्री विजयपुरम

**दिनांक : 31.03.2026** **समय : 1905**

1. जहाजरानी सेवा निदेशालय ने लिटिल अंडमान में आयोजित होने वाले सर्फिंग महोत्सव के लिए विशेष यात्राओं का प्रबंध किया है।
2. भारतीय पर्यटन एवं यात्रा प्रबंधन संस्थान, भुवनेश्वर में बीबीए और एमबीए पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए द्वीप समूह के छात्रों के लिए 10–10 सीटें आरक्षित की गई हैं।
3. एन्टी नारकोटिक्स पुलिस टीम ने मादक पदार्थों की तस्करी करने के आरोप में पश्चिम बंगाल निवासी को गिरफ्तार किया है।
4. द्वीपसमूह के कुछ भागों में वर्षा हुई।

<><><><><><><>

पर्यटन निदेशालय, की ओर से लिटिल अंडमान में सर्फिंग महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। नौ से बारह अप्रैल तक चलने वाले इस उत्सव का उद्देश्य द्वीप समूह को जलक्रीड़ा और साहसिक पर्यटन एडवेंचर के एक प्रमुख केंद्र के रूप में बढ़ावा देना है। प्रतिभागियों और पर्यटकों की सुविधा के लिए, जहाजरानी सेवा निदेशालय ने एम वी नालंदा और एम वी कालीघाट की विशेष यात्राओं का प्रबंध किया है। एम वी नालंदा छः अप्रैल को रात नौ बजे श्री विजयपुरम से लिटिल अंडमान जाएगा। इसके अलावा यह जहाज आठ, दस और बारह अप्रैल को सुबह आठ बजे लिटिल अंडमान के लिए छूटेगा। एमवी कालीघाट ग्यारह अप्रैल को सुबह आठ बजे श्री विजयपुरम से लिटिल अंडमान जाएगा। इस यात्रा के लिए टिकट विभाग के ई–टिकटिंग पोर्टल के माध्यम से बुक कर सकते हैं। यात्रियों की सुविधा के लिए पोर्टल का क्यू आर कोड भी उपलब्ध कराया गया है। टिकट स्टार्स टिकटिंग काउंटर से भी सुबह नौ बजे से शाम चार बजे तक और शनिवार को सुबह नौ बजे से दोपहर बारह बजे तक जारी किए जाएंगे।

<><><><><><><>

भारतीय पर्यटन एवं यात्रा प्रबंधन संस्थान, भुवनेश्वर में बीबीए और एमबीए पाठ्यक्रमों में अंडमान–निकोबार द्वीप समूह के छात्रों के लिए 10–10 सीटें आरक्षित की गई हैं। टूरिज्म एंड ट्रैवल मैनेजमेंट कार्यक्रम में प्रवेश के लिए इच्छुक छात्रों को संस्थान के पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन करना होगा। साथ ही अभ्यर्थियों को CUET–स्नातक में शामिल होना या 19 अप्रैल 2026 को आयोजित होने वाली IITTM प्रवेश परीक्षा देनी होगी। वहीं, टूरिज्म एंड ट्रैवल मैनेजमेंट कार्यक्रम में प्रवेश के लिए अभ्यर्थियों को IITTM प्रवेश परीक्षा देना होगा या CUET–स्नातकोत्तर में से किसी एक परीक्षा का वैध अंक होना अनिवार्य है। प्रशासन ने इच्छुक अभ्यर्थियों से अपील की है कि वे प्रवेश प्रक्रिया, पात्रता और शुल्क संबंधी विस्तृत जानकारी के लिए संस्थान की वेबसाइट iitm.ac.in पर देख सकते है।

<><><><><><><>

मादक पदार्थों की तस्करी के विरुद्ध निरंतर प्रतिबद्धता को प्रदर्शित करते हुए, एंटी–नारकोटिक्स पुलिस स्टेशन, अंडमान निकोबार पुलिस ने एक व्यक्ति को NDPS मामले में दोषी पाया। सूचना के आधार पर, एंटी–नारकोटिक्स पुलिस स्टेशन की एक रेडिंग टीम ने पश्चिम बंगाल साउथ 24 परगना निवासी उदय मंडल, को स्कूल लाइन, वीर सावरकर अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे के पास तलाशी के दौरान उसके पास से 915 ग्राम अवैध गांजा को बरामद कर आरोपी को मौके पर ही गिरफ्तार कर लिया गया। मामले की जांच एंटी–नारकोटिक्स पुलिस स्टेशन के ए एस आई सूर्य नारायण द्वारा की गई। अंडमान निकोबार पुलिस ने जनता से सतर्क रहने और मादक पदार्थों की तस्करी या नशे से संबंधित किसी भी संदिग्ध गतिविधि की तुरंत सूचना पुलिस को देने का आग्रह किया है।

<><><><><><><>

स्वास्थ्य सेवा निदेशालय के आयुष विभाग के उपनिदेशक डॉ कल्याण पी पदभाने के मार्गदर्शन में और कोलीनपुर ग्राम पंचायत के सहयोग से हाल ही में कोलीनपुर बीच पर समुद्र तट स्वच्छता अभियान का आयोजन किया गया। इस अभियान में आयुष विभाग के डॉक्टरों और कर्मचारियों ने भाग लिया। जिसमें सामुहिक रूप से सफाई गतिविधियों, कचरा संग्रहण और तटीय पारिस्थितिक तंत्र में स्वच्छता बनाए रखने के महत्व के बारे में जागरूक करना था। कार्यक्रम में कोलीनपुर की प्रधान सुजाता सिंह और अन्य सदस्य तथा कर्मचारियों ने भी भाग लिया।

<><><><><><><>

पॉन्डेचेरी विश्वविद्यालय ने पुनर्मूल्यांकन व री–टोटलिंग की सुविधा ऑनलाइन शुरू कर दी गई है। PU नियमों के अनुसार, 2 विषयों में बैकलॉग वाले छात्र ही पुनर्मूल्यांकन के लिए आवेदन करने के पात्र हैं।

पुनर्मूल्यांकन के लिए आवेदन करने के इच्छुक छात्रों को सलाह दी जाती है कि वे विषय विवरण के साथ, प्रति विषय 500 रुपये का डिमांड ड्राफ्ट जमा करें। री–टोटलिंग के लिए, भरे हुआ आवेदन पत्र और निर्धारित प्रारूप, प्रति पेपर ढाई सौ रुपये के डिमांड ड्राफ्ट के साथ 'वित्त अधिकारी, पॉन्डेचेरी विश्वविद्यालय' के 'अकादमिक सेल' में 2 अप्रैल तक जमा करें।

<><><><><><><>

लिटिल अंडमान के सामुदायिक खंड विकास द्वारा डी ए वाई–एन आर एल एम के अंतर्गत उद्योग विभाग हटबे के सहयोग से समिति सम्मेलन कक्ष में तीस दिवसीय लकड़ी हस्तशिल्प प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन समारोह आयोजित किया गया। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्देश्य स्थानीय प्रतिभागियों के कौशल विकास को बढ़ावा देना तथा स्वरोजगार के अवसरों को प्रोत्साहित करना था। इस अवसर पर लिटिल अंडमान के प्रमुख एस परमनाथन मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे। उन्होंने प्रतिभागियों को कौशल विकास कार्यक्रमों में निरंतर भाग लेने के लिए प्रेरित किया। लिटिल अंडमान के तहसीलदार अजय मंडल विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान प्रतिभागियों ने तीस दिनों के प्रशिक्षण के दौरान तैयार किए गए विभिन्न लकड़ी के हस्तशिल्प उत्पादों का प्रदर्शन किया, जो उनकी रचनात्मकता कौशल और समर्पण को दर्शाते है।

<><><><><><><>

दक्षिण अंडमान जिला ओपन कराटे चैंपियनशिप हाल ही में प्रातरापुर के पूजा पंडाल में आयोजित हुई। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व शिक्षा निदेशक डॉ. आर. देव दास तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में अंडमान निकोबार कराटे–डू एसोसिएशन के अध्यक्ष एम. ए. मनोहरन उपस्थित रहे। उन्होंने विजेताओं को पदक वितरित किए, तथा प्रतिभागियों के उत्साहपूर्ण सहभागिता की सराहना करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस चैंपियनशिप में लगभग 60 कराटेका ने भाग लिया।

<><><><><><><>

चेकमेट प्लास्टिक शतरंज एवं स्वच्छता अभियान का आयोजन हाल ही में डिगलीपुर के रामनगर तट पर किया गया। जिसे हाल ही में पायलट ब्लू फ्लैग तट घोषित किया गया है जो स्वच्छता, स्थिरता और पर्यावरण प्रबंधन का प्रतीक है। इस अवसर पर अंडमान निकोबार शतरंज एसोसिएशन द्वारा ग्राम पंचायत रामनगर एवं रेंज कार्यालय कालीघाट डिगलीपुर प्रभाग के सहयोग से किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन डिगलीपुर प्रभाग सहायक वन संरक्षक शिवेन्द्र सिंह द्वारा शतरंज की पहली चाल चल कर हुई। इस अवसर पर स्थानीय ग्रामीणों, पर्यटकों एवं शतरंज प्रेमियों ने बड़ी संख्या में उत्साहपूवर्क भाग लिया। कार्यक्रम की शुरूआत तट सफाई अभियान से हुई, जिसमें प्रतिभागियों ने प्लास्टिक एवं अन्य कचरे को एकत्र कर रामनगर तट की प्राकृतिक सुन्दरता को संरक्षित करने में योगदान दिया।

<><><><><><><>

द्वीपसमूह के कुछ भागों में वर्षा हुई। आज शाम साढ़े पांच बजे तक हटबे में तैंतीस मिलीमीटर वर्षा रिकॉर्ड की गई। श्री विजयपुरम में बारह दशमलव पांच, वायुसेना केन्द्र कार निकोबार और ननकौड़ी में 2 मिलीमीटर वर्षा रिकॉर्ड की गई। मौसम संबंधी पूर्वानुमान में बताया गया है कि कल द्वीप समूह के कुछ भागों में हल्की से मध्यम वर्षा हो सकती है।

<><><><><><><>

अंडमान निकोबार पुलिस की ओर से पुलिस फायरिंग रेंज, प्रातरापुर में छोटे हथियारों के फायरिंग अभ्यास और टियर स्मोक म्यूनिशन का प्रदर्शन किया जाएगा। यह अभ्यास 2, 7, 9 और 11 अप्रैल को सुबह 6 बजे से दोपहर 1 बजे तक किया जाएगा। इस दौरान क्षेत्र के सभी नागरिकों से स्वयं को तथा अपने पालतू पशुओं को फायरिंग रेंज से दूर रखने को कहा गया है।

<><><><><><><>